महाकुंभ के निर्माण कार्य से शासन प्रशासन की छवि जुड़ी है, लापरवाही मत करना

मेला अधिकारी बोले-सिंहस्थ निर्माण कार्य समय पर पूरे हों, प्रशासनिक गतिविधियां हुई तेज

उज्जैन। प्रशासनिक गतिविधियां मंगलवार को पूरे दिन सक्रिय रहीं। एक तरफ सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की, वहीं दूसरी ओर कलेक्टर ने जनसुनवाई के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनकर उन्हें राहत पहुंचाने के ठोस निर्देश दिए। प्रशासन की इस दोहरी पहल से विकास कार्यों के साथ-साथ जनसमस्याओं के समाधान पर भी फोकस नजर आया। सिंहस्थ की कमान जब से आशीष सिंह ने संभाली है तब से लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है और उसका असर भी अफ़सरों पर साफ़ देखने को मिल रहा है तेज गति से मौके पर कार्य चल रहे हैं। सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभाकक्ष में

आयोजित समीक्षा बैठक में सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। मेला अधिकारी आशीष सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हों और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए।

गुणवत्ता से छवि जोड़ी होती है-समन्वय से करें काम

सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि सिंहस्थ जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन में व्यवस्थाओं की गुणवत्ता सीधे शासन और प्रशासन की छवि से जुड़ी होती है। ऐसे में किसी भी स्तर पर यदि बाधा या प्रशासनिक समस्या आती है तो संबंधित विभाग तत्काल अवगत कराएं, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने भी अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट, ओएसडी गोपाल डाड, वनमंडलाधिकारी अनुराग तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई : कलेक्टर ने मौके पर दिए राहत के निर्देश

उज्जैन। बैठक के दिन प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उज्जैन निवासी महेश सांखला ने अपेक्स बैंक से बिना पूर्व सूचना सेवा से पृथक किए जाने की शिकायत की।

कलेक्टर ने इसे गंभीर मानते हुए बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों को पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए, जिससे आवेदक को न्याय मिलने की उम्मीद जगी। झारड़ा निवासी हीरालाल ने भूखंड की दोहरी बिक्री और नामांतरण का मामला उठाया। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार झारड़ा को तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए, ताकि पीड़ित को शीघ्र राहत मिल सके। बड़नगर निवासी राजेश चौहान ने आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए अपने बच्चों की स्कूल फीस माफ कराने का आवेदन दिया। कलेक्टर ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को प्रकरण का परीक्षण कर नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। तराना तहसील के ग्राम छड़ावद निवासी नानूराम ने भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम तराना को तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर पीड़ित को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए।

लंबित मामलों की समीक्षा, निराकरण पर जोर

जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने पूर्व में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की भी समीक्षा की और अधिकारियों को लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल आवेदन लेना नहीं, बल्कि समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी विभिन्न मामलों की सुनवाई की। कुल मिलाकर, एक ही दिन में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों की समीक्षा और जनसुनवाई के माध्यम से कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रशासन ने यह संदेश दिया कि विकास योजनाओं के साथ-साथ आमजन को राहत पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

काव्य गोष्ठी में वृद्ध एवं दिव्यांग जनों का सम्मान

उज्जैन। विचार क्रांति साहित्य मंच द्वारा महाकाल रोड स्थित अपंग सेवा आश्रम में काव्य गोष्ठी का आयोजन कर दिव्यांग जनों का सम्मान किया गया। काव्य गोष्ठी के मुख्य अतिथि अपंग सेवा आश्रम के अध्यक्ष आनंदीलाल जोशी तथा विशेष अतिथि सचिव रामचंद्र सोलपंखी एवं वरिष्ठ साहित्यकार कमलेश व्यास कमल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विचार क्रांति साहित्य मंच के अध्यक्ष सुगनचंद जैन ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। सरस्वती वंदना डॉ. खुशबू बाफना द्वारा की गई। अतिथियों का सम्मान मंच अध्यक्ष सुगनचंद जैन व संयोजक अनिल पांचाल सेवक तथा उपस्थित कवियों द्वारा किया गया। संचालन नरसिंह ईनाणी ने किया। काव्य गोष्ठी में गौरव त्रिवेदी, विकास चौरसिया, कमल पटेल, अमित जैन, राजेंद्र जैन आदि ने काव्य पाठ किया। विचार क्रांति साहित्य मंच की ओर से आश्रम वासियों का सम्मान कर स्वल्पाहार कराया गया। अतिथि उद्बोधन में अपंग सेवा आश्रम के अध्यक्ष आनंदीलाल जोशी ने आयोजन की सराहना की। आश्रम संचालक मंडल के सदस्यों निर्मल राय, मुकेश यादव, प्रदीप बदनोरे के साथ सुमित सोलपंखी, विनीत सोलपंखी, सेजमल कछवाय की विशेष उपस्थिति रही। आभार संयोजक अनिल पांचाल सेवक ने व्यक्त किया।

फंदे पर लटके युवक को सीपीआर देकर थाना प्रभारी ने बचाया

उज्जैन/नागदा। रात1 बजे दरवाजा तोड़कर फंदे पर लटके युवक को गश्त पर निकले थाना प्रभारी ने नीचे उतारा और सीपीआर देकर उसकी जान बचा ली। परिवार ने युवक को मृत मानकर विलाप शुरू कर दिया था।

नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी रात में गश्त कर रहे थे। उसी दौरान 1 बजे के लगभग एक वृद्ध सड़क पर दौड़ता हुआ पुलिस गाड़ी की ओर आता दिखाई दिया। थाना प्रभारी ने तत्काल अपनी गाड़ी रोकी। वृद्ध ने बताया कि उनके पुत्र ने दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली है। थाना प्रभारी तत्काल वृद्ध के घर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर फंदे पर लटके युवक

को नीचे उतारा। युवक मौत की आगोश में जा चुका था। परिवार ने मृत मानकर विलाप शुरू कर दिया। थाना प्रभारी ने सूझबूझ दिखाई और प्रशिक्षण के दौरान सिखाई गई सीपीआर तकनीक का उपयोग युवक को जमीन पर लेटाकर शुरू किया। कुछ देर में ही युवक की सांसे चलने लगी। उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां कुछ घंटे चले उपचार के बाद युवक पूरी तरह से ठीक हो गया। जिसे रात में ही समझाइश के बाद घर भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मंगलवार दोपहर युवक की काउंसलिंग की गई। उसने पारिवारिक विवाद के चलते मौत को गले लगाने का प्रयास किया था।

छात्र ने फंदा गले में डालकर लगाई फांसी

उज्जैन। किराये के मकान में रहकर पढ़ाई करने वाले 10वीं के छात्र ने बीती शाम सीढ़ियों की रेलिंग पर मफलर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोस्तों से अस्पताल लेकर पहुंचा। मंगलवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर जांच शुरू की है। नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि कंचन विहार में रहकर कक्षा 10वीं की पढ़ाई कर रहे छात्र यश पिता दिलीप पाटीदार 15 वर्ष निवासी ग्राम लसुडल्या टोंक खुर्द द्वारा फांसी लगाने की सूचना अस्पताल से मिलने पर मार्ग काम किया गया था। सुबह पोस्टमार्टम के दौरान दोस्त यशवंत ने बताया कि यश सोमवार दोपहर स्कूल से लौटा था उसके चाचा मिलने आए थे इसके बाद वह कमरे में जाकर सो गया था। शाम को जब वह छत पर कपड़े लेने के लिए जा रहा था तभी सीढ़ियों की रेलिंग से लटका दिखाई दिया। उसके चाचा मेडिकल पर काम करते हैं जिन्हें सूचना देकर बुलाया और यश को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार आत्महत्या करने की वजह सामने नहीं आई है परिवार खेती किसानी करता है। पोस्टमार्टम के बाद यश का शव अंतिम संस्कार के लिए पैतृक गांव ले जाया गया है। परिजन और दोस्त के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की जाएगी।

डीजीपी ने दिया इनाम

सोमवार की रात्रि में एक युवक को फांसी के फंदे से बचाने वाले मंडी थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी को पुलिस महानिदेशक डीजीपी ने 10 हजार रुपए के ईनाम से पुरस्कृत किया है। रात्रि में 1:30 बजे थाना प्रभारी गवरी गश्त कर रहे थे। उसी दौरान जन्मेजय मार्ग पर एक व्यक्ति भागता हुआ आया और थाना प्रभारी से बोला कि मेरे बेटे ने फांसी लगा ली हैं यह सुनते ही थाना प्रभारी गवरी तुरंत युवक के घर पानी की टंकी के सामने पहुंचे ओर कमरे का दरवाजा तोड अंदर घुसे ओर अंदर लटके युवक धैर्य यादव को तुरंत उतारा और उसे सीपीआर दिया जिससे युवक के प्राण बच गए। यह वीडियो जब सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हुआ ओर पुलिस महकमे भोपाल तक पहुंच गया जिसमें बाद पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने टीआई गवरी को 10 हजार रुपए के इनाम से पुरस्कृत किया।

डामरीकृत कार्य के लिए प्रशिक्षण

उज्जैन। लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र उज्जैन एवं एल्युमनी एसोसिएशन उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज के तत्वावधान में लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र उज्जैन के सभी अभियंताओ को डामरीकृत कार्य के तकनीकी पहलुओ एवं कार्य में की जाने वाली सावधानियो के सबंध में एक प्रशिक्षण का आयोजन उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज के डॉ. विश्वेश्वरैया सभा कक्ष में किया गया इस अवसर पर इंडिय रोड कांग्रेस के एग्जीक्युटीव मेम्बर सार्वजनिक बाधकाम विभाग (लो.नि.वि) महाराष्ट्र के भूतपूर्व मुख्य अभियंता, श्री राम कानीकर द्वारा उपस्थित अभियंताओ को डामरीकृत कार्य के तकनीकी पहलुओ तथा कार्य में की जाने वाली सावधानियों के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र उज्जैन के मुख्य अभियांत योगेन्द्र सिंह बागोले, अधीक्षण यंत्री जीपी पटेल, सभी कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहे। मुख्य अभियंता योगेन्द्र सिंह बागोले ने राम कानीकर का अभिनंदन प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। प्रशिक्षण का संचालन सेवानिवृत्त अभियंता कोमल भूतड़ा ने किया।

एक नजर में

बिखेरा मांस पेशियों का जलवा...

उज्जैन। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत उज्जैन जिले की नागदा, खाचरौद, तराना, महिदपुर, बड़नगर, उज्जैन के 32 शरीर साधकों ने राष्ट्रीय गीतों पर मांस पेशियों का बेहतरीन प्रदर्शन किया। आयोजन समिति के संयोजक कपिल कटारिया ने बताया कि तराना के सुजल गवली स्पर्धा के चैम्पियन रहे। स्पर्धा के निर्णायक जितेंद्र सिंह कुशवाह, गजेंद्र मेहता, रवि मालवीय थे। मार्शल फहीम पहलवान थे। शरीर साधकों को बॉडी बिल्डिंग के राष्ट्रीय निर्णायक शैलेन्द्र व्यास, विशाल राजौरिया, अफराज खान ने पुरस्कृत किया। स्पर्धा के परिणाम निम्नानुसार रहे..55 किलो..धीरज राठौड़, बड़नगर (स्वर्ण), महिपाल चौहान, उज्जैन (रजत)...60 किलो..आज़म, नागदा (स्वर्ण), वीर सिंह तोमर, तराना (रजत)..65 किलो..इब्राहीम, उज्जैन (स्वर्ण), अभिषेक चौहान, नागदा (रजत)..70 किलो आसिफ, नागदा (स्वर्ण), हिमेश तिरदीया, नागदा (रजत)...75 किलो..सूजल गवली, तराना (स्वर्ण), युवराज सिंह, तराना (रजत)...पदक विजेता रहे।

बालिकाओं ने किया गौरवांवित

उज्जैन। 6ठी नेशनल मार्शल आर्ट गेम भारतीय युद्ध कला प्राधिकरण नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उज्जैन में नानाखेड़ा स्टेडियम पर आयोजित किया गया। जिसमें देवी अवंती का सामाजिक युवा कल्याण समिति की बच्चों द्वारा शानदार प्रदर्शन कर पदक प्राप्त किया। संस्था द्वारा क्षत्राणी ग्रुप के माध्यम से 35 बालिकाओं करुणा शितोले, छवि कदम के नेतृत्व में शौर्य प्रदर्शन किया गया। पदक प्राप्त बालिकाएं खुशी माली, वंशिका माली, करिश्मा माली, पूनम, प्राची, टीना, चित्रांशी, देविका, आरसी यादव, कनिष्क, अमृता चतुर्वेदी, इशू, भूमिका, सुमन गोमा, पूनम मालवीय, चंचल पाटीदार, कमल पाटीदार, धार्मिक कदम, आराध्या, राजश्री, एंजेल, चांदनी शानदार प्रदर्शन कर पदक प्राप्त किया संस्था द्वारा बधाई दी गई।

हिंदू सम्मेलन को लेकर बैठक सम्पन्न

घटिया। अम्बोदिया मंडल में 18 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन के आयोजन को लेकर अम्बोदिया मंडल की बैठक मंगलवार को बिलकेश्वर महादेव मंदिर अंबोदिया में संपन्न हुई। बैठक में अम्बोदिया के आसपास के गांव के लोगों ने भी भाग लिया। बैठक में सम्मेलन में मण्डल के प्रत्येक गांव से सभी समाज बंधुओ की एवं मातृ शक्तियों की सहभागिता हो इस हेतु टोलियों का निर्माण किया गया। टोलिया गांव गांव जाकर बैठक कर आमंत्रण कार्ड देकर हिंदू सम्मेलन में आने का आमंत्रण देंगे। सम्मेलन 18 जनवरी को शासकीय हाई स्कूल अंबोदिया में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा व सम्मेलन में संतों का आशीर्वचन भी प्राप्त होगा।

जंतर मंतर का भौगोलिक भ्रमण किया

उज्जैन। प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय, उज्जैन के भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने वेधशाला जंतर मंतर का भौगोलिक भ्रमण प्राचार्य प्रोफेसर कल्पना वीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। विद्यार्थियों को प्राचीन भारतीय खगोल विज्ञान, समय मापन की पद्धतियों, सूर्य-चंद्रमा एवं ग्रहों की गति तथा खगोलीय यंत्रों की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। भ्रमण के महत्व एवं उद्देश्य के बारे में बताया गया भ्रमण दल में भूगोल विभागाध्यक्ष एवं एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. मोहन निमोले के नेतृत्व में हुआ आपने भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा में अध्ययन किए गए विषयों को वास्तविक स्थल पर अवलोकन के माध्यम से समझाना तथा भूगोल और खगोल विज्ञान के आपसी संबंध को स्पष्ट करना था। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक, रोचक एवं उपयोगी बताया। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. गणेश राठौर, प्रो. आनंद सिंह ठाकुर, राधेश्याम मेवाड़ा तथा विभाग के शोधार्थी आशीष पंवार, दशरथ प्रसाद, विवेक भारद्वाज, मनु भिंडे सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

हरियाणा पुलिस आई उज्जैन, युवक युवती को पकड़ा

उज्जैन। गुरुग्राम से लापता युवती की तलाश में उज्जैन आई हरियाणा पुलिस ने होटल में दबिश देखकर युवती को एक युवक के साथ पकड़ा और अपने साथ गुरुग्राम लेकर रवाना हो गई।

हरियाणा के गुरुग्राम से 28 साल की युवती 10 दिनों पहले लापता हो गई थी। परिजनों ने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाना पुलिस को दर्ज कराई थी। हरियाणा पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस की जो उत्जैन के देवास गेट थाना क्षेत्र स्थित मालीपुरा की होना सामने आई। लोकेशन लगातार एक ही स्थान पर मिलने पर गुरुग्राम सिविल लाइन थाना पुलिस उपनिरीक्षक ओमप्रकाश, सहायक उप निरीक्षक ममता, आरक्षक सुमित कुमार की टीम उत्जैन पहुंची। देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशर के साथ लोकेशन के आधार पर मालीपुरा में जयश्री महाकाल होम स्टे पर दबिश दी। जहां से युवती को दस्तयाब करने के साथ हरियाणा की ही रहने वाले युवक राकेश कुमार को हिरासत में लिया गया। दोनों को दोपहर बाद हरियाणा ले जाया गया है। देवास गेट थाना पुलिस ने बताया कि होम स्टे संचालक आनंदीलाल ने बाहर से आए युवक युवती के ठहरने की जानकारी पुलिस को नहीं दी थी। जिसके चलते संचालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

छात्राओं ने अयोध्या में बढ़ाया नगर का गौरव

उज्जैन। शहर की शिवोम नृत्यकला संस्थान की छात्राओं ने अयोध्या में आयोजित प्रतिष्ठित 9वां एडीशन ऑफ कृष्णप्रिया महोत्सव में अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से उज्जैन का नाम रोशन किया। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का महोत्सव कृष्णप्रिया कथक केंद्र तथा अमावा राम मंदिर, अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। संस्थान की निर्देशिका मानसी उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महोत्सव एवं प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रदेशों से 200 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच जूनियर कैटेगरी में शिवोम नृत्यकला संस्थान की छात्रा हर्षिता तोमर ने द्वितीय पुरस्कार तथा वर्णिका कुशवाह ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर संस्थान और नगर को गौरवान्वित किया।

आज शाम 4 बजे से 11 मार्गों पर वाहनों की आवाजाही पर रहेगा प्रतिबंध

10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान

उज्जैन। साल 2025 की बिदाई और वर्ष 2026 के आगाज पर 12 ज्योर्तिलिंगों में विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की नगरी में 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर यातायात पुलिस ने प्लान तैयार किया है। आज शाम शाम 4 बजे से 11 मार्गो पर वाहनों का पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

यातायात डीएसपी दिलीपसिंह परिहार ने बताया कि नववर्ष 2026 के प्रथम दिन बाबा महाकाल के दर्शन को लेकर लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना बढ़ती जा रही है। 25 दिसंबर के बाद से लगातार धार्मिक नगरी में श्रद्धालुओं की संख्या का ग्राफ बढ़ रहा है। वर्ष के अंतिम दिन और नववर्ष के प्रथम बाबा महाकाल के दर्शन करने के लिये देशभर से श्रद्धालुओं का महासैलाब उमड़ने का अनुमान है। जिसको लेकर शहर की यातायात व्यवस्था को बनाये रखने के लिये प्लान तैयार किया गया है। मंदिर की ओर जाने वाले 11 मार्गो पर वाहनों की आवाजाही पूर्ण प्रतिबंधित रहेगी। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनो को पार्क कराने के लिये 5 स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था की गई है। कुछ मार्गो पर भारी वाहनों को डायवर्ट किया जायेगा। प्लान आज शाम 4 बजे से 1 जनवरी की शाम तक लागू रहेगा।

इन मार्गो पर वाहनों का रहेगा प्रतिबंध

यातायात पुलिस के प्लान अनुसार वाहनों के लिये पूर्णरूप से मार्गों में हरिफाटक टी से महाकाल घाटी चौराहा, जंतर-मंतर से जयसिंहपुरा, चारधाम, शंकराचार्य चौराहा से नरसिंहघाट, शंकराचार्य चौराहा से दानीगेट, भूखी माता टर्निंग से नरसिंहघाट, दौलतगंज से लोहे का पुल, कंठाल चौराहा से छत्री चौक, तेलीवाड़ा से कमरी मार्ग, दानीगेट से गणगौर दरवाजा, हरिसिद्धि पाल, केडी गेट से कमरी मार्ग और भागीरथ तिराहा से टंकी चौराहा की ओर तीन के साथ चार पहिया वाहन नहीं जा सकेगें। असुविधा से बचने के लिये प्लान अनुसार श्रद्धालु अपने वाहनों को पार्किंग में खड़ा कर मंदिर की ओर पहुंचे। विदित हो कि महाकाल मंदिर और महाकाल लोक में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन काफी सतर्क नजर आ रहा है। इसी तैयारियों पिछले काफी दिनों से की जा रही है। क्योंकि भीड़ देखते हुए ही यातायात व्यवस्था में बदलाव कर पार्किंग में भी बदलाव किया गया है।

इन स्थानों पर पार्क किए जाएंगे वाहन

चार पहिया और दोपहिया वाहनों के लिये अलग-अलग पार्किंग व्यवस्था की गई है। चार पहिया वाहनों की पार्किंग में इंदौर, देवास और मक्सी मार्ग से आने वाले वाहन इंजीनियरिंग कॉलेज तिराहा, हरिफाटक चौराहा, लालपुल टर्निंग सेकर्कराज पार्किंग, इंटरप्रिटेशन पार्किंग और भील समाज पार्किंग तक पहुंच सकेगें। उक्त पार्किंग स्थल फूल होने पर चार पहिया वाहनों को हरिफाटक चौराहा स्थित मनंत गार्डन पार्किंग, इंपीरियल होटल के पीछे पार्किंग के साथ हरिफाटक ब्रिज के नीचे पार्किंग तक पहुंचाया जायेगा। बडनगर-नागदा की ओर से आने वाले चार पहिया वाहन मोहनपुरा ब्रिज, मुरलीपुरा, शंकराचार्य चौराहा होते हुए कार्तिक मेला मैदान पार्किंग में पार्क कराये जायेगें आगर की ओर से आने वालों वाहनों की पार्किंग मकोड़ियाआम, खाकचौक, जाट धर्मशाला, जूना सोमवरिया होते हुए कार्तिक मेला मैदान में रखी गई है। कार्तिक मेला मैदान भरने पर वाहनों को कृषि उपार्जन मैदान में पार्क कराया जाएगा।

बाबा का होगा श्रृंगार बड़ोदा से आए 108 कलाकार सजावट में जुटे, केदार नाथ में कर चुके

नए साल 2026 पर 11 हजार डमरू और 5 लाख रुद्राक्ष से सजेगा महाकाल मंदिर

नवभारत न्यूज

उज्जैन। नए साल 2026 के स्वागत में ज्योतिर्लिंग महाकाल का मंदिर 11 हजार डमरू और 5 लाख रुद्राक्ष से सजेगा। इसके लिए बड़ोदा से 108 कलाकारों की टीम यहां पहुंच चुकी हैं। मंगलवार से टीम ने मंदिर में सजावट का काम भी शुरू कर दिया।

मंदिर में गर्भगृह, नंदीहाल, सभी द्वार व शिखर से लेकर सब जगह सजावट की जाएगी। इसके अलावा महाकाल लोक के स्तंभ भी सजाए जाएंगे। 31 दिसंबर की रात में ही सजावट पूरी कर दी जाएगी। बड़ोदा से आए कलाकारों की टीम के नरेंद्र शाह ने बताया कि उनकी टीम ज्योतिर्लिंग केदारनाथ मंदिर में भी सजावट कर चुके हैं। अबकी बार

उन्होंने महाकाल मंदिर में सजावट का मौका मिला है। डमरू वाला ग्रुप के नाम से उनकी टीम फेमस है। सजावट का काम नंदी गेट से शुरू किया गया। इसके बाद महाकाल लोक स्तंभ, मंदिर का शिखर, नीलकंठ द्वार, नंदी हाल, चांदी गेट को रुद्राक्ष, डमरू, पन्नी, बेल, झूमर व सीएनसी कटिंग से सजावट की जा जाएगी। डमरू वाला की टीम बाइकर्स टीम है। इसलिए बड़ोदा से सभी लोग अपनी बाइक से ही यात्रा करते हुए उज्जैन आए है। सबसे खास बात तो यह है कि यह टीम नव वर्ष के मौके पर महाकाल मंदिर को सजाने का पूरा खर्चा उठा रही है।

शहीद परिवार के 14 सदस्यों ने किए महाकाल के दर्शन

महू स्थित इन्फैंट्री स्कूल के जम्मू और कश्मीर राइफल्स की 5 वीं बटालियन से जुड़े शहीद परिवारों के 14 सदस्यों ने मंगलवार को उज्जैन में महाकाल के दर्शन किये। मंदिर समिति ने उन्हें सम्मान दर्शन कराए।